Department of Education

GOVERNMENT OF WESTERN AUSTRALIA

विकलांगता-ग्रस्त युवाओं के लिए करियर मार्ग संबंधी जानकारी

माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

सभी युवाओं को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे उच्च शिक्षा, आगे के प्रशिक्षण और/या सार्थक रोजगार में सफलतापूर्वक स्थानांतरण करने के लिए अपनी आकांक्षाओं का निर्माण करें, चुनौतीपूर्ण शिक्षा प्राप्त करें और मार्गपथ योजनाएँ विकसित करें।

6 में से एक ऑस्ट्रेलियावासी विकलाँगता के साथ जीवन जीता है। अन्य सभी कर्मचारियों की तरह ही विकलाँगता-ग्रस्त लोग कार्यस्थल में कई प्रकार के कौशल, क्षमताएँ और योग्यताएँ लाते हैं तथा कई प्रकार की नौकरियों में काम करते हैं। (स्रोत: Job Access)

नौकरी होने से सामाजिक नेटवर्क का विस्तार होता है, जीवन स्तर बढ़ता है और वित्तीय स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान में वृद्धि होती है।

सुलभता और समावेशन सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय, TAFE और अन्य प्रशिक्षण प्रदाता व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप समर्थनों के साथ-साथ अनेकानेक योग्यताएँ प्रस्तुत करते हैं।

संसाधन	
Myfuture	myfuture अनेकानेक करियर मार्गपथों और अवसरों की खोज करने के लिए संसाधन प्रदान करता है। इसमें करियर नियोजन और निर्णय लेने में सहायता देने के लिए आत्म-ज्ञान विकसित करने के साधन शामिल हैं। माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी https://myfuture.edu.au/assist-your-child
आपका करियर	औद्योगिक और व्यावसायिक जानकारी सहित करियर संबंधी जानकारी का स्रोत https://www.yourcareer.gov.au/ स्कूली पढ़ाई पूरी करने वाले विकलाँगता-ग्रस्त छात्रों के लिए सहायता https://content.yourcareer.gov.au/sites/default/files/2022-12/Support-for-school-leavers-with-disability.pdf
myWAY Employability	myWAY Employability ऑटिस्टिक युवाओं को अपने भविष्य का नियंत्रण लेने और कामकाजी जीवन के लिए तैयारी करने में सहायता करता है। https://www.mywayemployability.com.au/

CC BY Exclusions may apply

D23/0567739
फरवरी 2023

संसाधन	
Disability Gateway	ऑस्ट्रेलिया सरकार की Disability Gateway सेवा विकलाँगता-ग्रस्त लोगों, उनके परिवारों व देखभालकर्ताओं को विश्वसनीय जानकारी का पता लगाने और उनके स्थानीय क्षेत्र में सेवाओं से संपर्क स्थापित करने में सहायता देती है। इसमें/यह: • एक वेबसाइट, एक समर्पित 1800-फोन नम्बर और सोशल मीडिया चैनल शामिल है। • सभी विकलाँगता-ग्रस्त ऑस्ट्रेलियावासियों के लिए है, चाहे वे नेशनल डिसेबिल्टी इंश्योरेंस स्कीम (NDIS) के प्रतिभागी हो या न हों • यह कई प्रकार के विषयों से संरचित है, जिनमें शिक्षा, रोज़गार, आय एवं वित्त, स्वास्थ्य एवं कल्याण, हर रोज़ का रहन-सहन और अधिकार तथा कानून जैसे विषय शामिल हैं। https://www.disabilitygateway.gov.au/
विकलाँगता रोज़गार सेवाएँ (Disability Employment Services, DES) **Job Access DES** **प्रदाता**	DES ऑस्ट्रेलिया सरकार की रोजगार सेवा है और यह विकलांगता-ग्रस्त लोगों को रोजगार पाने और बनाए रखने में मदद करने के लिए रोजगार सहायता और समर्थन प्रदान करती है। Job Access विकलाँगता-ग्रस्त लोगों के कार्यस्थल और रोज़गार संबंधी जानकारी के लिए एक राष्ट्रीय हब (केन्द्र) है, जो 'विकलाँगता रोज़गार का संचालन' करने वाली जानकारी और संसाधनों को एक-साथ लाता है। https://www.jobaccess.gov.au/ Find a Provider: https://www.jobaccess.gov.au/find-a-provider
नेशनल डिसेबिल्टी इंश्योरेंस स्कीम (NDIS)	NDIS एक आजीवन दृष्टिकोण अपनाती है और विकलांगता-ग्रस्त लोगों और विकासात्मक देरी वाले बच्चों में शुरुआत में निवेश करती है, ताकि जीवन में बाद में उनके परिणामों में सुधार हो सके। https://www.ndis.gov.au/
NDIS **स्कूल लीवर इम्पलॉयमेंट सपोर्ट्स (SLES)**	NDIS योजना में SLES शामिल करने से प्रतिभागियों को स्कूल से रोजगार में पारगमन करने में मदद मिलती है और ये समर्थन अंतिम स्कूली वर्षों तथा स्कूल छोड़ने के तुरंत बाद उपलब्ध हैं। स्कूल लीवर इम्पलॉयमेंट स्पोर्ट्स (SLES) प्रदान करने वाले प्रदाता युवा लोगों को रोज़गार की तैयारी करने, खोज करने और इसे पाने में मदद करते हैं। वे अर्थपूर्ण, व्यक्तिगत क्षमता निर्माण गतिविधियाँ प्रदान करते हैं, ताकि युवा लोग अपने रोज़गार लक्ष्य हासिल कर सकें। https://www.ndis.gov.au/providers/working-provider/school-leaver-employment-supports
NDIS **नौकरियों का पता लगाना, इसे बनाए रखना और बदलना**	इसमें निम्नलिखित से संबंधित जानकारी शामिल है: • रोजगार के बारे में सोचना और बात करना • स्कूली पढ़ाई छोड़ना • नौकरी के लिए तैयार होना • स्वयंसेवा। https://www.ndis.gov.au/participants/finding-keeping-and- changing-jobs

Exclusions may apply